# घरेलू और पारिवारिक हिंसा कभी भी उचित नहीं होती है।

यदि आप घरेलू और पारिवारिक हिंसा का सामना कर रहे हैं, तो आप भयभीत, परेशान या व्याकुल महसूस कर सकते हैं – यह एक सामान्य प्रतिक्रिया है।

> किसी भी रिश्ते में हिंसा या दुर्व्यवहार **कभी भी उचित नहीं** होती है।

दुर्व्यवहार करने वाले व्यक्ति द्वारा हिंसक होने के बहाने बनाये जा सकते हैं या उनके द्वारा अपने व्यवहार के लिए आपको दोषी ठहराया जा सकता है। **हिंसा घटित होना आपकी गलती नहीं है।** हिंसा की जिम्मेदारी हमेशा दुर्व्यवहार करने वाले की होती है।



## क्या आप अपने किसी जानकार के बारे में चिंतित हैं?

यदि आप इस बारे में चिंतित हैं कि आपके किसी मित्र, परिवारिक सदस्य, सहकर्मी, पड़ोसी या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा घरेलू और पारिवारिक हिंसा का सामना किया जा रहा है, तो **Safe Steps की निशुल्क 24/7 प्रतिक्रिया लाइन से 1800 015 188** पर संपर्क करें।

हमारे पारिवारिक हिंसा संकटकालीन विशेषज्ञों में से कोई आपके साथ उस व्यक्ति से संपर्क करने के सर्वोत्तम तरीकों पर चर्चा कर सकता है और उन्हें उनके लिए उपलब्ध समर्थन सेवाओं के बारे में भी बता सकता है।

और अधिक जानकारी के लिए, आप हमारी वेबसाइट **safesteps.org.au/information-for-family-friends** को भी देख सकते हैं।

## Safe Steps क्या है?

Safe Steps पारिवारिक हिंसा प्रतिक्रिया सेंटर घरेलू और पारिवारिक हिंसा का सामना कर रहे लोगों के लिए विक्टोरिया की राज्यव्यापी 24/7 संकटकालीन प्रतिक्रिया सेवा है। घरेलू और पारिवारिक हिंसा से बच निकलने और दुर्व्यवहार से मुक्त जीवन जीने की आवश्यकता वाले लोगों को हमारे द्वारा सहायता की पेशकश की जाती है। पिछले वर्ष, हमें 50,000 से अधिक कॉल प्राप्त हुईं, जिस पर लगभग 100 पारिवारिक हिंसा संकटकालीन विशेषज्ञों ने जवाब दिया।

**यदि आपको या आपके किसी परिचित व्यक्ति को सहायता की आवश्यकता है,** तो गोपनीय सहायता और जानकारी के लिए 1800 015 188 पर Safe Steps को संपर्क करें।

**दुभाषिया और विकलांगता सेवाएँ उपलब्ध हैं**

LGBTIQA+ के लिए, Safe Steps मित्रवत और सांस्कृतिक रूप से सम्मानजनक सेवा है। हम घरेलू और पारिवारिक हिंसा का सामना करने वाले किसी भी व्यक्ति को सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### Safe Steps से सप्ताह के 7 दिन, दिन में 24 घंटे, किसी भी समय

**1800 015 188** पर संपर्क करें

ईमेल: **safesteps@safesteps.org.au**

वेबचैट: **safesteps.org.au/chat**
(सोमवार-शुक्रवार, सुबह 9 बजे से आधी रात तक, सार्वजनिक छुट्टियों को छोड़कर)

हमारी वेबसाइट देखें: **safesteps.org.au**

Safe Steps पारिवारिक हिंसा प्रतिक्रिया सेंटर (Safe Steps Family Violence Response Centre) पूरे विक्टोरिया में पारंपरिक संरक्षकों का आभार प्रकट करता है, वह भूमि जहाँ हमारी सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। हम एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर लोगों, उनकी संस्कृति और अतीत और वर्तमान के बुजुर्गों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हैं। हम प्रथम लोगों (फर्स्ट पीपल) के आत्मनिर्णय के अधिकार और भूमि, जल और समुदायों से उनके संबंध को जारी रखने के अधिकार को स्वीकार करते हैं।

Safe Steps पारिवारिक हिंसा प्रतिक्रिया सेंटर द्वारा सभी लैंगिकों, लिंगों और यौनिकताओं के लोगों की पहचान की जाती है और उनका सम्मान किया जाता है। हम लेस्बियन, गे (समलैंगिक), द्विलिंगी, ट्रांसजेंडर, क्वीर, इंटरसेक्स और अलैंगिक लोगों के लिए हमारी सहायता तक पहुँच प्राप्ति और समावेशन में सुधार करने के लिए प्रतिबद्धित हैं और LGBTIQA+ समुदाय के लोगों के लिए सुरक्षित और समावेशी सेवा और कार्यस्थल प्रदान करने में निरंतर सुधार के लिए समर्पित हैं।

2024

# आपको पारिवारिक हिंसा से मुक्त रहने का अधिकार है



Safe Steps
FAMILY VIOLENCE RESPONSE CENTRE

# घरेलू और पारिवारिक हिंसा से बच निकलने के लिए Safe Steps से संपर्क करें

सलाह, समर्थन और आपातकालीन आवास के लिए आपकी 24/7राज्यव्यापी संकटकालीन घरेलू और पारिवारिक हिंसा प्रतिक्रिया सेवाएँ।



## घरेलू और पारिवारिक हिंसा से क्या तात्पर्य है?

घरेलू एवं पारिवारिक हिंसा कोई भी ऐसा धमकीभरा या अपमानजनक व्यवहार होता है जो आपको भयभीत या असुरक्षित महसूस करवाता हो और जो आपके परिवार या अंतरंग रिश्ते में घटित होता हो।

ऐसा ज़रूरी नहीं है कि यह व्यवहार हिंसक हो, लेकिन, यदि इस व्यवहार से आपको **अपनी सुरक्षा या किसी अन्य व्यक्ति की सुरक्षा के लिए डर लगता है, तो इसका अर्थ है कि आपको Safe Steps से संपर्क करने की आवश्यकता है।**

घरेलू और पारिवारिक हिंसा किसी भी तरह के रिश्ते में किसी को भी प्रभावित कर सकती है, जिसमें निम्नलिखित रिश्ते शामिल हैं:

- भूतपूर्व या वर्तमान अंतरंग रिश्ते, जिसमें ऐसे रिश्ते शामिल हैं जहाँ आप डेटिंग कर रहे हैं या साथ रह रहे हैं
- विकलांगता ग्रस्त लोगों, चिकित्सीय स्थिति वाले लोगों या बुजुर्गों के देखभालकर्ताओं से जुड़े रिश्ते
- रिश्तेदारों और अभिभावकों से संबंधित रिश्ते
- सांस्कृतिक रूप से मान्यता प्राप्त पारिवारिक समूह

यह ब्रोशर वैकल्पिक प्रारूपों में उपलब्ध है।
सुलभ संस्करण के लिए, disability@safesteps.org.au पर ईमेल करें और अन्य भाषा विकल्पों के लिए safesteps.org.au पर जाएँ।

## घरेलू और पारिवारिक हिंसा कैसी दिखाई देती है?

घरेलू और पारिवारिक हिंसा में केवल शारीरिक शोषण ही शामिल नहीं होता है। इसमें निम्नलिखित भी शामिल हो सकते हैं:

- यौन शोषण
- भावनात्मक और साइकोलॉजिकल (मनोवैज्ञानिक) शोषण
- वित्तीय शोषण, जैसे कि पैसों तक पहुँच न देना या आपको काम करने की अनुमति न देना
- यह नियंत्रित करना कि आप क्या कर सकते हैं और क्या नहीं
- आपकी कार या उपकरणों की ट्रैकिंग और निगरानी करना
- आपको परिवार और दोस्तों से अलग करना
- आपको घर से बाहर जाने से रोकना
- आपको या आपके प्रियजनों जैसे आपके बच्चों, पालतू जानवरों या परिवार के अन्य सदस्यों को डराना-धमकाना
- आपकी निजी वस्तुओं को नष्ट करना

इस बारे में और अधिक जानकारी के लिए कि घरेलू और पारिवारिक हिंसा कैसी दिखाई देती है, safesteps.org.au देखें।

## Safe Steps आपकी सहायता कैसे कर सकती है

जब आप Safe Steps 24/7 संकटकालीन प्रतिक्रिया लाइन को **1800 015 188** पर संपर्क करते हैं **या हमसे safesteps.org.au/chat पर वेबचैट के माध्यम से संपर्क** करते हैं, तो आप हमारे पारिवारिक हिंसा संकटकालीन विशेषज्ञ से बात करेंगे।

हमारे पारिवारिक हिंसा संकट विशेषज्ञ निम्नलिखित कर सकते हैं:

- आपके जोखिमों का आकलन करना और आपकी सुरक्षा बढ़ाने के लिए विकल्पों का पता लगाना, फिर चाहे आप अपने रिश्ते में रहना चाहते हैं या इसे छोड़ना चाहते हैं
- आपको और आपके बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए डिज़ाइन की गई व्यक्तिगत सुरक्षा योजना बनाना
- आपके, आपके बच्चों और पालतू जानवरों के लिए सुरक्षित संकटकालीन आवास तक पहुँच प्राप्ति की पात्रता का आकलन करना और इसकी व्यवस्था करना जिसे जोखिम मूल्यांकन निष्कर्षों और आवास उपलब्धता के आधार पर किया जाता है
- आपको इस बारे में सहायता प्रदान करना कि आप अपने बच्चों के साथ अपने घर में कैसे रह सकते हैं - यदि ऐसा करना सुरक्षित हो तो - जहाँ दुर्व्यवहार करने वाले को कानूनन छोड़कर जाने की आवश्यकता होती है
- आपके कानूनी अधिकारों और पात्रताओं का वर्णन करना जिसमें आपको विक्टोरिया पुलिस से जोड़ने या हस्तक्षेप आदेश के लिए आवेदन करने में आपकी सहायता करना भी शामिल होता है
- आपको विशेषज्ञ कानूनी, वित्तीय, सांस्कृतिक और पारिवारिक सहायता प्रदान करने वाली स्थानीय सेवाओं को रेफर करना